(ख) यदि हां, तो कब तक ऐसा किये जाने की सम्भावना है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). जब देश में कुल मिला कर खाद्य स्थिति में सुधार हो जायेगा तब 28 दिसम्बर, 1966 से की गयी 12½ प्रतिशत की कटौती बहाल कर दी जायेगी। यह ठीक ठीक बताना सम्भव नहीं है कि ऐसा कब किया जायेगा।

राजस्थान में भाण्डागार

6664. श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री टी० पी० शाह :
श्री भारत सिंह चौहान :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान मे कितने केन्द्रीय भाण्डागार हैं;

(ख) उनकी भाण्डागार क्षमता कितनी कितनी है;

(ग) उनमें इस समय कितना अनाज जमा है;

(घ) क्या अनाज जमा करने के लिये कोई गैर-सरकारी गोदाम किराये पर लिये गये हैं;

(ङ) यदि हां, तो इन भाण्डागारों से कितनी आय होती है; और

(च) उन पर प्रति वर्ष कितना धन व्यय किया जाता है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) राजस्थान में तीन केन्द्रों पर केन्द्रीय भाण्डागार स्थित हैं।

(ख) से (घ). 30-6-67 को इन भाण्डागारों की क्षमता इस प्रकार थी :—

| केन्द्र | अपनी क्षमता | किराये पर लिये गये प्राइवेट गोदाम | किराये पर लिये गये राज्य सरकार के गोदाम | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| | | (मीटरी टन में) | | |
| कोटा . . . | 5000 | 2026 | 574 | 7600 |
| श्रीगंगानगर . . | 5000 | 600 | .. | 5600 |
| हनुमानगढ़ . . | 5400 | 410 | .. | 5810 |

इन भाण्डागारों में 30-6-1967 को 6824 मीटरी टन खाद्यान्न पड़े हुए थे।

(ङ) वर्ष 1966-67 में इन भाण्डागारों से सकल आय 4,17,264 रुपये हुई थी।

(च) वर्ष 1966-67 में इन पर 2,22,211 रुपये खर्च हुए थे जिनमें मकान तथा उपकरण का मूल्यह्रास तथा मरम्मत शामिल है।